वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University
(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 486 /Exam/VMSBUTU/2023 Date. 3/05/2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान,
बी0मा0सिं0भ0उ0त0वि0वि0,देहरादून।

विषयः सम–सेमेस्टर 2022-2023 में स्पेशल बैक परीक्षाओं के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र ही सम–सेमेस्टर 2022-2023 के सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित करते हुए Academic Calender में निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत परीक्षाओं का संचालन किया जाना है। इन परीक्षाओं के साथ आपकी संस्था से पाठयक्रम को पूर्ण कर चुके Carry Over धारक छात्र–छात्राओं को भी अपने Carry Over विषयों की सम–सेमेस्टर परीक्षा देने का अवसर उपलब्ध होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि आवश्यक रूप से अपनी संस्था से अध्ययन पूर्ण कर चुके छात्रों जिन्हें Carry Over परीक्षा में सम्मिलित होना है का सम्पूर्ण विवरण 03 कार्य दिवसों में UMS पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। आपसे यह भी अनुरोध है कि उक्त विवरण दर्ज करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत ही अर्ह अभ्यर्थियों का विवरण ही विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाये क्योंकि अर्हताधारी छात्रों की ही परीक्षायें सम्पादित कराना अनुमन्य होगा एवं यदि कतिपय् कारणो से कोई अभ्यर्थी अर्हता का उल्लघन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित भी हो जाता है तो उसकी परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं इस हेतु कोई प्रत्यावेदन स्वीकार्य नही होगा।

उक्त सूचना की प्राप्ति के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा औपचारिक रूप से परीक्षा फार्म भरने की कार्यवाही UMS पोर्टल पर प्रारम्भ की जायेगी।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
5. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।